वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 | अंक : 336 | बुधवार 5 अप्रैल 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# पंजाबी सिंगर को देखने के लिए भीड़ बेकाबू

## लाठीचाज: RU में साढ़े तीन घंटे देर से पहुंचे सिंगर, 25 मिनट ही किया परफॉर्म





**जयपुर. कासं**

राजस्थान यूनिवर्सिटी में मंगलवार दोपहर छात्र बेकाबू हो गए। पंजाबी सिंगर परमिश वर्मा के लिए बनाए गए स्टेज के पास का बैरिकेड तोड़ डाला। पुलिस फौरन हरकत में आई और लाठीचार्ज कर छात्रों को खदेड़ा। पुलिस को करीब 25 मिनट के अंदर 3 बार लाठीचार्ज करना पड़ा। मंगलवार दोपहर करीब एक बजे प्ब के छात्रसंघ महासचिव कार्यालय का उद्घाटन बीजेपी के संगठन महामंत्री चंद्रशेखर और जयपुर ग्रेटर की मेयर सौम्या गुर्जर ने किया। महासचिव अरविंद जाजड़ा ने छात्रों के लिए 365 दिन काम करने का वादा किया। जाजड़ा ने कहा- मैंने अब तक छात्रों के लिए खूब लट्ठ खाए हैं। आगे भी यूनिवर्सिटी के छात्रों को मेरी जरूरत पड़ी तो मैं हर मोर्चे पर उनके साथ खड़ा रहूंगा। यूनिवर्सिटी के घूमर मैदान पर हुए उद्घाटन समारोह में पंजाबी सिंगर परमिश वर्मा को बुलाया गया था। वह तीन घंटे लेट से दोपहर करीब साढ़े तीन बजे घूमर मैदान पर पहुंचे। परमिश ने स्टेज पर पहुंचते ही घुटनों के बल बैठकर छात्रों से माफी मांगी। बोला- माफी चाहता हूं मैं देरी से आया। इससे करीब 15 से 20 मिनट पहले वहां मौजूद छात्र बेकाबू हो गए। वहां बनाए गए बैरिकेड तोड़ डाला। पुलिस ने लाठी मारकर छात्रों को भगाया। सिंगर के आने के बाद एक बार फिर दोपहर करीब साढ़े तीन बजे छात्र बेकाबू हुए। पुलिस को फिर लाठी फटकारनी पड़ी। फिर कुछ देर शांत रहने के बाद करीब पौने चार बजे छात्रों ने फिर हुड़दंग मचाना शुरू कर दिया। पुलिस बल ने फिर से लाठी मार-मारकर छात्रों को शांत कराया। हालांकि किसी को भी गंभीर चोटें नहीं आई हैं। राजस्थान यूनिवर्सिटी में सिंगर परमिश को देखने के लिए स्टूडेंट्स के साथ बड़ी संख्या में आम जनता भी पहुंची थी। इस दौरान परमिश ने जनता की फरमाइश को ध्यान में रखते हुए अपने सुपर हिट सॉन्ग्स पर परफॉर्म किया। इस दौरान ऑडियंस झूमने लगी। कुछ ही देर की परफॉर्मेंस के बाद भीड़ बेकाबू हो गई। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने स्टेज पर पहुंच परमिश से परफॉर्मेंस रोकने की अपील की। इसके बाद भी उन्होंने एक और गाने पर परफॉर्म किया। परमिश 25 मिनट में ही अपनी परफॉर्मेंस खत्म कर पंजाब के लिए रवाना हो गए। राजस्थान यूनिवर्सिटी के डीएसडब्ल्यू नरेश मलिक ने कहा- पंजाबी सिंगर निर्धारित वक्त पर यूनिवर्सिटी नहीं पहुंच पाए थे। उन्हें सुनने के लिए बहुत ज्यादा भीड़ घूमर मैदान में पहुंच गई थी। भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस द्वारा हल्का बल प्रयोग किया गया था।

# गहलोत-वसुंधरा कोरोना पॉजिटिव...

### सीएम बोले- केस बढ़ रहे हैं, सावधानी बरतें; ज्यादातर मरीजों में नया वैरिएंट मिला

**जयपुर. कासं**

राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व सीएम वसुंधरा राजे कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। दोनों को कोरोना के हल्के लक्षण हैं। गहलोत-राजे ने ट्वीट कर पॉजिटिव होने की जानकारी दी। डॉक्टरों की सलाह पर दोनों घर पर आइसोलेट हैं। गहलोत सोमवार को राहुल गांधी और बड़े कांग्रेस के नेताओं से मिले थे। वहीं रविवार को भाजपा के कई बड़े नेताओं ने राजे से उनके घर जाकर मुलाकात की थी और वे खुद भाजपा कार्यालय में विधायक दल सहित कई बैठकों में शामिल हुई थीं। जयपुर एसएमएस मेडिकल कॉलेज में माइक्रोबायोलॉजी डिपार्टमेंट की एचओडी डॉ. भारती मल्होत्रा के मुताबिक वर्तमान में जिन कोविड पॉजिटिव मरीजों की



जीनोम सिक्वेंसिंग की जांच की जा रही है, उसमें 80 फीसदी में नया वैरिएंट XBB 1.16 डिटेक्ट हो रहा है। इसके अलावा 20 फीसदी केस में ओमिक्रॉन और दूसरे वैरिएंट सामने आ रहे हैं।

### कोरोना केस बढ़ने के पीछे नया वैरिएंट जिम्मेदार

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक देश में कोविड के नए



मामलों में बढ़ोतरी के लिए कोरोना का नया वैरिएंट XBB 1.16 जिम्मेदार है। हेल्थ एक्सपर्ट की मानें तो कोरोना के इस स्ट्रेन ने ज्यादा गंभीर रूप धारण नहीं किया है, लेकिन इससे संक्रमित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है और लोगों में हल्के लक्षण भी देखने को मिल रहे हैं। ज्यादातर लोग घर में ही दवाई लेकर ठीक हो रहे हैं।

# विश्व शांति के लिए भगवान महावीर का अहिंसा संदेश वर्तमान परिपेक्ष्य में भी प्रासंगिक



**बामनवास. शाबाश इंडिया**

अहिंसा के अवतार युगदृष्टा और जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2622 वां जन्म कल्याणक महोत्सव सोमवार को उत्साह और उमंग एवं उल्लास के साथ मनाया गया। बामनवास ब्लॉक के सभी जैन मन्दिरों मे भगवान का मस्तकाभिषेक व अष्ट द्रव्यों से पूजा अर्चना की गई दिगम्बर जैन मन्दिर पिपलाई में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान महावीर का जन्मभिषेक और विशेष पूजा विधान किया गया ' भगवान महावीर ने क्षत्रिय राजकुमार होने के बाबजूद भी कभी विश्व विजय का सपना नहीं देखा जिस समय भगवान महावीर का अवतरण हुआ दुनिया में अहिंसा और अत्याचार का बोल बाला था ' महावीर ने विषम परिस्थितियों में सच्चा मार्ग दुनिया को दिखलाया और प्राणी मात्र के सुख के लिए ₹ जिओ और जीने दो ₹ का अमूल्य मंत्र दिया ' भगवान महावीर के पांच सिद्धान्त सभी का जीवन बदलने वाले है अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह। इस अवसर पर राजस्थान समग्र जैन युवा परिषद् के अध्यक्ष जिनेन्द्र जैन ने बताया कि विश्ववंदनीय भगवान महावीर के जीवन एवं दर्शन का गहराई से अध्ययन करने पर हम पाते है कि वे किसी एक जाती या सम्प्रदाय के न होकर सम्पूर्ण मानव समाज के अमूल्य धरोहर है ' वह सबके थे और सब उनके थे उन्हे केवल जैनो या जैन मन्दिरो तक सीमित करना उनके उद्दात एवं विराट व्यक्तित्व के प्रति अन्याय है वे जैन नही जिन थे ' किसी का भी कल्याण जैन बनकर नही जिन बनकर ही हो सकता है। सकल दिगम्बर जैन समाज पिपलाई के प्रवक्ता बृजेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जन मानस को भगवान महावीर के जीवन दर्शन को समझना वर्तमान मे बेहद जरूरी है दुनिया में सुख शांति की स्थापना करने के लिए हमे हर कीमत पर भगवान महावीर के बताये मार्ग पर चलना होगा तभी भारत की प्राचीन संस्कृति और विरासत की रक्षा होगी ' भारत ने कभी हिंसा में विश्वास नहीं किया ' हमारा विश्वास भगवान महावीर के सिद्धान्तों पर चलकर दूसरो की जान लेकर नही वरन अपनी जान की बाजी लगाकर दूसरो की रक्षा करने में है ' अलगावाद,साम्राज्यवाद, तानाशाही से विश्व मुक्त हो,इस हेतु भगवान महावीर द्वारा बताए मार्ग का अनुशरण करने में ही सबका कल्याण होगा ' भगवान महावीर का जन्मकल्याणक महोत्सव मनाकर हम आज औपचारिकता ही पूरी कर रहे है आवश्कता है उनके द्वारा बताये मार्ग पर चलने की। इस अवसर पर सुनील कुमार जैन, आशीष जैन, सुमन लता जैन, आशा जैन, एकता जैन आदि कई श्रावक - श्राविकाए उपस्थित थे।

# जैन कॉन्फ्रेंस महिला शाखा ने जीव दया के लिए बढ़ाए सहयोग के हाथ

## आसीन्द में श्रीमहावीर कामधेनु गौशाला को प्रदान किया आर्थिक सहयोग




**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

**भीलवाड़ा।** राजस्थान प्रवर्तिनी साध्वी शिरोमणी पूज्यनीय श्रीयशकंवरजी म.सा. की सुशिष्या पूज्य उप प्रवर्तिनी मैनाकंवर जी म.सा. के संयम साधना के 53 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उनके प्राणी मात्र के प्रति दया के विचारों को जीवन में अंगीकार करते हुए श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस राजस्थान महिला शाखा ने प्रान्तीय अध्यक्ष नीता बाबेल के नेतृत्व में जीव दया के लिए सहयोग के हाथ बढ़ाए। जैन कॉन्फ्रेंस की प्रान्तीय महिला शाखा की ओर से आसीन्द में भीम रोड स्थित श्रीमहावीर कामधेनु गौशाला को जीव दया के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। इस आर्थिक सहयोग का उपयोग गौशाला में पल रहे गौवंश की सेवा व चारा-पानी के लिए किया जाएगा। गौशाला को आर्थिक सहयोग प्रदान करते समय प्रान्तीय अध्यक्ष नीता बाबेल के साथ प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजियादेवी डूंगरवाल, उपाध्यक्ष मंजू पोखरना, मंजू कर्णावट, मंत्री इन्द्रा चौधरी, प्रचार-प्रसार मंत्री शकुन्तला खमेसरा, कार्यकारिणी सदस्य आशा कांठेड़, अनीता कोठारी, समाजसेवी पूरणमल चौधरी, पारसमल तातेड़ आदि मौजूद थे एवं सभी ने जीव दया के प्रति संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि पूज्य मैनाकंवरजी म.सा. के की प्रेरक वाणी ने हमेशा जीवदया के लिए प्रेरणा प्रदान की है। जैन कॉन्फ्रेंस प्रान्तीय महिला शाखा अध्यक्ष नीता बाबेल एवं अन्य पदाधिकारियों ने आसीन्द में प्रवास कर रहे पूज्य मेवाड़ उप प्रवर्तक श्री कोमलमुनिजी म.सा. आदि ठाणा, उप प्रवर्तिनी विजयप्रभाजी म.सा. आदि ठाणा एवं तेरापंथ धर्मसंघ के आचार्य महाश्रमणजी म.सा. की सुशिष्या साध्वी श्रीजसवतीजी म.सा. आदि ठाणा के भी पावन दर्शन कर धर्मलाभ एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। पूज्य संत-साध्वीजी ने जैन कॉन्फ्रेंस महिला शाखा की समाजसेवा व जीवदया के लिए की जा रही गतिविधियों को अनुकरणीय बताते हुए सभी सदस्यों के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त की।

# जैन धर्म पर आधारित यू ट्यूब चैनल लांच

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

वर्तमान शासन नायक महावीर भगवान के 2622 वें जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर श्री दिगंबर जैन महासमिति की राष्ट्रीय एवं राजस्थान अंचल धार्मिक मंत्री एवं महासमिति जयपुर कैपिटल संभाग की महामंत्री श्रीमती विनीता जैन बोहरा वैशाली नगर जयपुर के द्वारा एक जैन धार्मिक यूट्यूब चैनल लांच किया गया जिसका नाम है : खेल खेल में धर्म प्रभावना, जैन धार्मिक गेम्स का खजाना। इस धार्मिक यूट्यूब चैनल को बनाने का उद्देश्य है , दसलक्षण पर्व, अष्टान्हिका पर्व या अन्य किसी भी धार्मिक आयोजन में करवाने के लिए सभी तरह के जैन गेम्स और गतिविधियां एक ही चैनल पर उपलब्ध करवाना है। इस चैनल पर आपको मिलेगा जैन धार्मिक गेम्स का खजाना जिसमें होंगे बच्चों व बडो के लिए एक्टिविटी गेम, जैन कविताएं, धार्मिक अंताक्षरी के विभिन्न राउंड, धार्मिक वन मिनिट गेम, धार्मिक ग्रुप गेम, धार्मिक टीम गेम धार्मिक पेपर गेम, धार्मिक हाउजी आओ चलें मोक्ष महल की ओर), विभिन्न धार्मिक प्रतियोगिताओं के आइडियाज, जैन धर्म के विभिन्न विषयों पर तरह-तरह की क्विज, जैन धर्म के छोटे-छोटे लेसन वीडियो जिनसे आप अपने बच्चों को घर बैठे ही जैन धर्म का प्रारंभिक ज्ञान दे सकते हैं और आप स्वयं भी प्राप्त कर सकते हैं। संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महामुनि राज से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के आइडियाज। महासमिति राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती शीला डोडिया ने इस प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा की। राजस्थान अंचल अध्यक्ष श्रीमती शालिनी बाकलीवाल ने सभी से धार्मिक यूट्यूब चैनल को सब्सक्राइब कर सम्यक दर्शन के 8 अंगों में से एक प्रभावना अंग में निमित्त बनने का आह्वान किया ।

**शुरूआत में चैनल पर 5 वीडियो अपलोड किए गए हैं:** समय-समय पर और वीडियो चैनल पर अपलोड किए जाते रहेंगे। यूट्यूब चैनल पर अपलोड होने वाले सभी वीडियो को शेयर और लाइक करें और चैनल को सब्सक्राइब जरुर करे जिससे कि जब भी नया वीडियो अपलोड होगा आपको नोटिफिकेशन मिल सके और घर बैठे धर्म प्रभावना कर अपना पुण्य बढ़ाएं ।

# महावीर जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा प्रभु ने किया नगर में विहार




गौरव जैन सिन्नी. शाबास इंडिया

**अशोकनगर**। श्री दिगम्बर जैन पंचायत के तत्वावधान में हुए गंज मंदिर प्रांगण में कार्यक्रम में क्षुल्लक श्री विश्वप्रभु सागर जी महाराज का मिला मंगल सानिध्य गंज मंदिर संयोजक मनीष जैन ने बताया सर्वप्रथम प्रातःकाल की बेला में सभी जिनालयों में श्री जी का अभिषेक शांतिधारा व सामूहिक पूजन की गई, तदोपरान्त गंज मंदिर प्रांगण में महावीर कीर्ति स्तंभ पर ध्वजारोहण किया गया।इसके बाद श्री जी को रजत पालकी में विराजमान कर नगर में शोभायात्रा निकाली गई जिसमे जैन समाज के अलावा अन्य समाजो ने भी शोभायात्रा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया शहर के कई सामाजिक संगठनों ने जगह जगह स्वागत किया।शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए शुभाष गंज पहुँची, जहाँ पर धर्म सभा का आयोजन किया गया। धर्म सभा मे क्षुल्लक श्री विश्नप्रभु सागर जी महाराज के प्रवचन हुए ।कार्यक्रम के बाद प्रकाश चंद जी मनोज कुमार कन्हेरा परिवार द्वारा गरीव असहाय लोगो को भोजन कराया गया,वस्त्र व्यबसायी संघ द्वारा गरीबो को वस्त्रो का वितरण किया गया,शाम को 1008 दीपो से प्रभु की महा आरती का आयोजन अरिहंत ग्रुप द्वारा किया गया। बच्चों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया व समाज के सेवा भावी संगठन जिसमे जुलूस व्यवस्था के लिए विधानवयुवक मंडल,स्वल्पाहार व्यवस्था के लिये जैन मिलन सेंट्रल,पारस जैन मिलन,विमर्श जागृति मंच, सोशल ग्रुप सास्वत,सुधासागर महिला समिति,बहू बेटी संगठन, विमर्श महिला मंच पुरुष मंडल एवं महिला मंडल को सम्मानित किया गया व समाज के यसस्वी अध्यक्ष रमेश चौधरी ने मंच से समाज के सभीजनो का व सभी सामाजिक संगठनों का आभार व्यक्त किया* भगवान महावीर स्वामी का 2650 जन्म कल्याण महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया दिग.जैन समाज पंचायत अशोकनगर द्वारा भगवान महावीर स्वामी के जुलूस में पार्श्व जैन मिलन को पालकी के साथ चलने कग निर्देश मिला सभी वीर पालकी के साथ साथ चलें वीरों ने अपनी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और भगवान की शोभायात्रा में पूर्ण रूप से सहयोग धर्म प्रभावना में सहभागी वनें यह शोभायात्रा सुबह 8:00 बजे गंज जी के मंदिर से गांधी पार्क होते हुए प्रोसेशन रोड मेन मार्केट होते हुए सुभाषगंज में पहुंची इसके उपरांत समाज द्वारा दिया गया कार्य स्वल्पाहार का जिसे सभी वीरों ने स्वल्पाहार वितरण किया एवं व्यवस्था बनाई कार्यक्रम उपरांत पार्श्व जैन मिलन के सभी वीर दयोदय पशु उपचार केन्द्र गौशाला पहुंचकर पशुओं को चारा खिलाया तथा 3100 रुपए सहयोग राशि पार्श्व जैन मिलन अशोकनगर द्वारा दी गई इन सभी कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष वीर नरेश जैन, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष वीर सुनील जैन, शाखा अध्यक्ष वीर जीतू जैन घाट बमुरिया, मंत्री वीर नीरज जैन तरई कोषाध्यक्ष वीर दीपक जैन मलावनी, पूर्व शाखा अध्यक्ष वीर सुयोग जैनसहित सभी वीर उपस्थित रहे।

# जल वाटिका का शुभारंभ



अमित गोधा. शाबाश इंडिया

**ब्यावर**। जैन सोशल ग्रुप सनशाइन द्वारा संचालित जल वाटिका का शुभारंभ किया गया। राहगीरों को गर्मी से राहत मिले इस प्रयोजन से महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के शुभ दिवस 3 अप्रैल,2023 को सनशाइन जल वाटिका का शुभारंभ मंगल मार्केट के बाहर, पाली बाजार में किया गया। सचिव प्रतीक खटोड़ ने बताया कि गत 6 वर्षों से हर वर्ष महावीर जन्म कल्याणक दिवस पर जल वाटिका का शुभारंभ किया जाता रहा है। और ये जल वाटिका बाजार में आने वाले राहगीरों को भीषण गर्मी से राहत देती रही है। जल वाटिका के शुभारंभ में पंकज जैन, अरुण रूणीवाल, विक्रम सांखला,महेंद्र नाहटा, कमल पगारिया, अमित कवाड़, रूपेश कोठारी, सुमित श्रीश्रीमाल, अमित गोधा, महावीर आबड , प्रणीत तातेड, राहुल पगारिया, रजत श्रीश्रीमाल, शैलेंद्र जिंदानी, पंकज नाहटा, राहुल बरडिया, मनोज डूंगरवाल, दीपक बाफना, संदीप कोठरी, नरेंद्र सुराना, विनोद श्रीश्रीमाल, राहुल बाबेल, दीपेश तातेड आदि कई सदस्य उपस्थित थे।



# सिद्धा परिवार ने महावीर जयंती पर निकली शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**। जैन सोशल ग्रुप सिद्धा ने महावीर जयंती पर निकली शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया ।संस्थापक अध्यक्ष धीरज कुमार- सीमा पाटनी एवं अध्यक्ष दिनेश- नीलम काला एवं सह सचिव अंजन - आकांक्षा जैन ने बताया कि महावीर जयंती पर शोभा यात्रा के दौरान सिद्धा परिवार द्वारा जोहरी बाजार में बड़ी चौपड़ के दुकान नंबर 199 के बाहर एक भव्य 40x24 का मंच बनाकर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। सिद्धा परिवार द्वारा अगवानी के साथ शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा एवं 108 दीपकों से श्री जी महाआरती की गई। सिद्धा द्वारा बनाए गए इस स्टेज पर राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास , विधायक अमीन कागजी ,पार्षद पारस पाटनी, पार्षद श्रीमति कुसुम यादव , नॉर्दन रीजन के पदाधिकारियों के साथ साथ जैन समाज के गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी रही।

## वेद ज्ञान

# मन की शक्ति अभ्यास है

भौतिकवादी समाज की कुरीतियों में काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि मनोविकार मनुष्य के मन पर अधिकार बनाए हुए हैं और अवसर पाते ही अपना दुष्प्रभाव दिखाने लगते हैं। बड़े से बड़े महात्मा हों या उच्चाधिकारी आत्मसंयम के अभाव में अपनी प्रतिष्ठा खो बैठते हैं। ये मनुष्य जीवन में अनेक बाधाएं डालकर उसे निराशपूर्ण बना देते हैं। इनकी प्रतिद्वंद्विता में आत्मसंयम का सहारा ले लिया जाए तो मनुष्य जीवन की सफलता में संदेह नहीं रहता। इन पर काबू पाना या अपने को वश में करना जगत को जीत लेना है। साधारण मनुष्य की तो बात ही क्या बड़े-बड़े सम्राट भी काम के अधीन हो आत्मसंयम को तिलांजलि दे डालते हैं और मुश्किल में फंस जाते हैं। इतिहास प्रमाण है कि गांधीजी ने क्रोध पर नियंत्रण करके प्रेम और अहिंसा के अस्त्रों द्वारा अंग्रेजी साम्राज्य का अंत किया। बुद्ध ने राजसी वैभव के मोह और लालच को त्यागा तभी वह सत्य की साधना कर सके। जो व्यक्ति इंद्रियों के दास होते हैं वे इंद्रियों की इच्छाशक्ति पर नाचते हैं। संयमहीन पुरुष सदा उत्साह-शून्य, अधीर और अविवेकी होते हैं। इसलिए उन्हें क्षणिक सफलता भले मिल जाए, पर अंततः उन्हें बदनामी और पराजय ही मिलती है। आत्मसंयमी व्यक्तियों में सर्वदा उत्साह, धैर्य और विवेक रहता है जो उनकी सफलता की राह तय करते हैं। मानव की सबसे बड़ी शक्ति मन है इसलिए वह मनुज है। मन की शक्ति अभ्यास है, विश्राम नहीं। इसलिए तो मन मनुष्य को सदा किसी न किसी कर्म में रत रखता है। आत्मसंयम को ही मन की विजय कहा गया है। गीता में मन विजय के दो उपाय बताए गए हैं- अभ्यास और वैराग्य। यदि व्यक्ति प्रतिदिन त्याग या मोह मुक्ति का अभ्यास करता रहे तो उसके जीवन में असीम बल आ सकता है। यह कुछ महीने की देन नहीं होती है, बल्कि एक लंबे समय की जरूरत है। फिर तो दुनिया उसकी मुट्ठी में होगी। एक बार मोह- माया से विरक्त हो जाएं तो वैराग्य मिल जाएगा। भारत में आक्रमणकारी शताब्दियों तक लड़ाई जीत कर भी भारत को अपना नहीं सके, क्योंकि उनके पास नैतिक बल नहीं था। शरीर के बल पर हारा शत्रु बार-बार आक्रमण करने को उद्धत होता है, परंतु मानसिक बल से परास्त शत्रु स्वयं-इच्छा से चरणों में गिर पड़ता है।

## संपादकीय

# आस्था पर लापरवाह तंत्र का वार...

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि किसी धार्मिक आयोजन या सामूहिक रूप से मनाए जाने वाले उत्सव में लोग अपनी आस्था को अभिव्यक्त करने या शामिल होने जाते हैं और वहां महज व्यवस्थागत लापरवाही की वजह से कइयों की जान चली जाती है। मध्य प्रदेश के इंदौर में पिछले हफ्ते श्री बालेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में रामनवमी के दिन एक पुरानी बावड़ी की छत धंसने से कई लोग उसमें गिर गए और उनमें से छत्तीस की जान चली गई। इस घटना को किसी हादसे की श्रेणी में ही रख कर देखा जाएगा, लेकिन इससे संबंधित जिस तरह के ब्योरे सामने आए हैं, उससे साफ है कि यह बहुस्तरीय और आपराधिक लापरवाही का मामला है। इसके मुताबिक, मंदिर के प्रबंधन से जुड़े लोगों और समूह की ओर से जानबूझ कर जिस तरह के अवैध निर्माण किए गए और उसके जोखिम की आशंका होने के बावजूद प्रशासन जिस तरह सिर्फ मौखिक हिदायत की औपचारिकता तक सिमटा रहा, वह



हादसे के लिए जिम्मेदार कारकों को समझने के लिए काफी है। सवाल है कि मंदिर प्रबंधन और आयोजकों को बावड़ी को ढक कर बनाई गई जगह के बारे में मालूम होने बावजूद उस पर ज्यादा लोगों को जमा होने से रोकना जरूरी क्यों नहीं लगा! सिर्फ इतने भर से फिलहाल इस त्रासद हादसे से बचा जा सकता था। गौरतलब है कि जिस मंदिर में यह घटना हुई, उसके विस्तार के क्रम में वहां स्थित बावड़ी को सुरक्षित तरीके से ढकने या भरने के बजाय उसके ऊपर सिर्फ गर्डर और फर्शियां डाल कर टाइलें लगवा दी गईं। जबकि उसके नीचे करीब साठ फुट जमीन खोखली थी और उस पर रोज लोग दर्शन के लिए खड़े होते थे। उसी जगह पर मेले के मौके पर ज्यादा लोग जमा हो गए और वह ढकी हुई जगह धंस गई। इसमें जो लोग गिरे होंगे, उनमें से कुछ बचना ही अपने आप में आश्चर्य की बात है। लेकिन इस हादसे में जिन छत्तीस लोगों की मौत हो गई, वे निश्चित रूप से मंदिर प्रबंधन और वहां उत्सव का आयोजन करने वालों की लापरवाही और शासकीय उदासीनता के शिकार हुए। यह समझना मुश्किल है कि नगर निगम की ओर से बावड़ी को ढकने के तरीके को अवैध मानने के बावजूद संबंधित निकायों को कोई ठोस कार्रवाई करना जरूरी क्यों नहीं लगा! यह भी कहा जा रहा है कि वक्त पर कार्रवाई नहीं हो पाने के पीछे एक स्थानीय नेता और राजनीतिक दबाव भी कारण था। अगर इस तरह के आरोप सही है तो यह शासकीय स्तर पर बरती गई गंभीर कोताही का एक और बड़ा उदाहरण है, जिसके नतीजे में इतने लोगों को जान गंवानी पड़ी। ऐसी शिकायतें आम हैं कि किसी पर्व-त्योहार के मौके पर अपेक्षा से ज्यादा भीड़ के जमा होने की संभावना के बावजूद आयोजक इसका इंतजाम नहीं करते हैं कि वहां पहुंचे लोग समारोह में सुविधाजनक तरीके से शामिल हों और सुरक्षित लौट जाएं। कई बार ऐसा लगता है कि भारी संख्या में लोगों के पहुंचने और वहां घनघोर अव्यवस्था के बावजूद कोई हादसा नहीं होता है तो यह महज संयोग ही है।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# नए लक्ष्य...

बढ़ती आर्थिक चुनौतियों के बीच जब व्यापारिक गतिविधियों को गति देना चुनौती बना हुआ है, भारत ने अपनी नई विदेश व्यापार नीति जारी कर दी है। इसमें अगले सात सालों में निर्यात को दो हजार अरब डालर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसे संतुलित बनाए रखने के लिए यह भी रेखांकित किया गया है कि वस्तुओं के निर्यात पर अधिक जोर होना चाहिए, ऐसा न हो कि केवल सेवाओं के निर्यात को प्रश्रय मिले। अभी तक विदेश व्यापार नीति हर पांच साल पर जारी की जाती रही है, मगर यह पहली बार है, जब इसकी कोई अवधि निर्धारित नहीं की गई है। बदलती वैश्विक परिस्थितियों के मुताबिक इसमें बदलाव करने की नीति अपनाई गई है। यानी व्यापार नीति को खासा लचीला बना दिया गया है। स्वाभाविक ही, इससे व्यापार और वाणिज्य के क्षेत्र में कुछ गति आने की उम्मीद बनी है। यों, पहले ही सरकार व्यापार संबंधी नियमों को काफी लचीला बना चुकी है, जिससे निर्यात में अनेक जटिलताएं दूर हो चुकी हैं। इसी के चलते कोरोना काल में जब व्यापारिक गतिविधियां ठहर-सी गई थीं, भारत आर्थिक झंझावातों से जल्दी बाहर निकल आया। मगर आयात के मुकाबले निर्यात को बढ़ाना अब भी सरकार के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। पिछले महीने आए आंकड़ों के मुताबिक भारत का व्यापार घाटा कुछ कम हुआ है और अगले दो-तीन सालों में इसके और कम होने की उम्मीद जताई गई है। दरअसल, पिछले चार-पांच सालों में भारत का निर्यात लगातार कम होता गया है। इसके मुकाबले आयात बढ़ा है। इस तरह व्यापार घाटा बढ़ते हुए चिंताजनक स्तर पर पहुंच गया था। फिर सरकार ने व्यापार घाटा कम करने पर ध्यान केंद्रित किया और उसके सकारात्मक नतीजे पिछले महीने देखने को मिले। मगर उसमें ऐसा भी नहीं कि निर्यात की दर बढ़ गई, बल्कि पिछले सालों की तुलना में कुछ कम ही हुई थी, मगर आयात में कमी करने की वजह से व्यापार घाटा कम दर्ज हुआ था। इस तरह निर्यात की दर बढ़ाने को लेकर नए सिरे से रणनीति बनाने की जरूरत लगातार रेखांकित की जा रही थी। नई व्यापार नीति के जरिए इसमें उत्साह पैदा करने का प्रयास किया गया है। अनुमान है कि चालू वित्तवर्ष में निर्यात 765 अरब डालर का होगा। पिछले वित्तवर्ष में 676 अरब डालर का हुआ था। हालांकि इस रफ्तार से भी निर्यात बढ़ता रहा, तो अगले सात सालों में इसके दो हजार अरब डालर तक पहुंचना आसान बात नहीं होगी। नई विदेश व्यापार नीति में उन देशों में निर्यात बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जहां डालर की पहुंच कमजोर हुई है या जो डालर के बजाय अपनी मुद्रा में व्यापार करने को इच्छुक हैं। भारत डालर के बजाय रुपए में व्यापार बढ़ाने पर जोर दे रहा है। वैसे भी दुनिया के कई देश अब वाणिज्य-व्यापार में डालर की बाध्यता से मुक्त होना चाहते हैं। रूस और चीन परस्पर व्यापार को युआन में करने पर जोर दे रहे हैं। मगर अभी विकासशील देशों के लिए डालर के चक्र से बाहर निकलना इतना आसान नहीं है। भारत चाहे तो रूस और चीन के साथ इस मामले में कुछ मुक्त हो सकता है। बाकी देशों में वह किस तरह अपना तंत्र बनाता है, देखने की बात होगी। मगर असल चुनौती है कि कैसे दुनिया के बाजार में भारतीय उत्पाद के लिए जगह तलाशी और बढ़ाई जाए। इसके लिए दूतावासों को और सक्रिय करने की बात है।




# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा भव्य भक्तामर अनुष्ठान का अयोजन

**समाज भूषण राजेंद्र के गोधा स्मृति जीवन रक्षक सम्मान समारोह का भी हुआ आयोजन। समारोह में रक्तदान शिविर आयोजित करने वाली 51 संस्थाओं का हुआ सम्मान। प्रज्ञा इंस्टिट्यूट ऑफ पर्सनल्टी डवलपमेंट ने 211 यूनिट रक्त एकत्र कर सभी शिविरो में प्रथम स्थान प्राप्त किया**









**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा राजस्थान रीजन के तत्वावधान में आदिनाथ जयंती से महावीर जयंती तक 51 संस्थाओं के सहयोग से 32 रक्तदान शिविर का आयोजन विभिन्न स्थानों पर किया गया। इन शिविरो में 1890 यूनिट रक्त एकत्र किया गया । सभी शिविरो में रक्तदाताओं को यातायात अवेयरनेस कार्यक्रम के तहत आई एस आई मार्का हेलमेट स्मृति चिन्ह के रूप में मुख्य प्रायोजक आर के मार्बल ग्रुप , सह प्रायोजक ए आर एल इंफ्राटेक व दैनिक समाचार जगत के सौजन्य से दिये। भट्टारक जी की नसिया में आयोजित भव्य भक्तामर अनुष्ठान के अंतर्गत सभी 51 संस्थाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रज्ञा इंस्टिट्यूट ऑफ पर्सनल्टी डवलपमेंट ने 211 यूनिट रक्त एकत्र कर सभी शिविरो में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भी आयोजित 24 शिविरो में 121 यूनिट रक्त एकत्र कर इन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

@... पेज 6 व 7 पर

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा भव्य भक्तामर अनुष्ठान अयोजन की झलकियां

















# भव्य भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान

**इस भव्य समारोह के गौरव भामाशाह प्रमुख समाज सेवी अशोक-सुशीला पाटनी आर के मार्बल ग्रुप, नंद किशोर-प्रमोद पहाड़िया ए आर एल इंफ्राटेक तथा श्रीमती त्रिशाला गोधा धर्मपत्नी स्वर्गीय राजेंद्र के गोधा, शैलेंद्र गोधा, निशांत गोधा समाचार जगत परिवार थे। सन्मति ग्रुप अध्यक्ष राकेश-समता गोदिका के अनुसार सर्वप्रथम सभी अथितियों ने भगवान आदिनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।**



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

समाज भूषण श्री राजेंद्र के गोधा स्मृति जीवन रक्षक सम्मान समारोह के साथ-साथ भव्य भक्तामर अनुष्ठान का आयोजन 48 मंडलों पर 48 दीपो के साथ किया गया। समारोह के मुख्य अथिति प्रमुख समाज सेवी दीनदयाल पाटनी, दीप प्रज्वलन कर्ता सी ए सुनील-सपना जैन तथा श्रीमती रेणु राणा व मोहित राणा थे। इस भव्य समारोह के गौरव भामाशाह प्रमुख समाज सेवी अशोक-सुशीला पाटनी आर के मार्बल ग्रुप, नंद किशोर - प्रमोद पहाड़िया ए आर एल इंफ्राटेक तथा श्रीमती त्रिशाला गोधा धर्मपत्नी स्वर्गीय राजेंद्र के गोधा, शैलेंद्र गोधा, निशांत गोधा समाचार जगत परिवार थे। सन्मति ग्रुप अध्यक्ष राकेश - समता गोदिका के अनुसार सर्व प्रथम सभी अथितियों ने भगवान आदिनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। अथितियों का स्वागत अध्यक्ष राकेश - समता गोदिका, सन्मति ग्रुप के संरक्षक सुरेंद्र-मृदुला पांड्या, दर्शन-विनीता जैन, कार्याध्यक्ष मनीष-शोभना लोंग्या, सचिव अनिल-निशा संघी तथा रीजन अध्यक्ष राजेश-सीमा बड़जात्या ने रीजन टीम के साथ किया। सचिव अनिल - निशा संघी ने बताया कि प्रसिद्ध गायक नरेंद्र जैन एवम उनके साथी कलाकारों द्वारा सभी को अपनी प्रस्तुति से झूमने पर मजबूर कर दिया। समारोह का प्रसारण लाइव एल ई डी स्क्रीन पर भी किया जा रहा था। सभी रक्तदान शिविर आयोजक संस्थाओं को एक एक मंडल दिया गया था तथा एक दीप मुख्य मंडल पर भी प्रज्वलित करने का अवसर दिया गया था। समारोह में राजस्थान जैन सभा के महामंत्री मनीष बैद, मंत्री विनोद कोटखावदा, कोषाध्यक्ष राकेश छाबड़ा, वीर सेवक मंडल के अध्यक्ष महेश काला, अशोक जैन नेता, प्रदीप लुहाड़िया, रीजन पदाधिकारी, विभिन्न दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के सदस्यों व समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने सुंदर व व्यवस्थित कार्यक्रम के लिये आयोजक सन्मति ग्रुप को बधाई दी।






# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप गुलाबीनगर द्वारा महिला चिकित्सालय में बेबी किट व बिस्किट फल वितरण



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** गुलाबीनगर ग्रुप के सदस्यों द्वारा महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर महिला चिकित्सालय सांगानेरी गेट पर वार्डों में नवजात बच्चों को 200 बेबी किट व भर्ती मरीजों व अन्य को 400 फ्रूट- बिस्कुट वितरित किये गये। डॉ श्रीमती आशा वर्मा अधीक्षक महिला चिकित्सालय व अन्य सभी डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ का बहुत अच्छा सहयोग रहा। कार्यक्रम में अनिल जैन मुख्य संरक्षक, सुरेंद्र पांड्या संरक्षक, सुनील बज अध्यक्ष व विनोद बड़जात्या सचिव, महावीर पांड्या, महेंद्र पाटोदी, निर्मल सेठी, प्रकाश पाटनी, जगदीश पांड्या,प्रवीण सेठी, चंद्रप्रकाश, विनोद झांझरी, महावीर चांदुवाड, प्रदीप बज,सुमन बज, सुशीला बड़जात्या व अनेक महिला सदस्यों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। विनोद बड़जात्या सचिव ने डॉ श्रीमती आशा वर्मा वरिष्ठ प्रोफेसर, अधीक्षक महिला चिकित्सालय व अन्य स्टाफ के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। चिकित्सालय में कुल 504 बेड हैं।

## श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति प्रथम संभाग मानसरोवर द्वारा घर-घर मंगलाचार का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति प्रथम संभाग मानसरोवर में घर-घर बधाई मंगलाचार का आयोजन भगवान आदिनाथ जयंती से महावीर जंयती तक बड़े ही धूमधाम से किया गया। प्रतिदिन महिला पुरुष बच्चों द्वारा णमोकार जाप भक्तामर पाठ भजन बधाई गीत आदि बड़े ही उल्लास व भक्ति के साथ किया गया। सभी दिन कार्यक्रम में सहभागी बन कर पुण्यार्जन किया तथा सभी के सहयोग से बड़े ही धूमधाम से कार्यक्रम का समापन आनन्द पूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रथम संभाग मानसरोवर की अध्यक्षा तारा मणि गोधा ने बताया कि महिला महासमिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती शीला डोडिया, श्रीमती वंदना जैन, श्रीमती शालिनी बाकलीवाल के निर्देशन में यह घर-घर मंगलाचार का कार्यक्रम आदिनाथ जयंती से महावीर जयंती तक सभी जगह आयोजित किया गया।


### आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतु का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का आयोजन



**निंबाहेड़ा. शाबाश इंडिया**

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव अंतर्गत निंबाहेड़ा के दिगंबर जैन संत निलय भवन परिसर में सोमवार रात्रि को माता त्रिशला के सोलह सपने पर आधारित नृत्य नाटिका कार्यक्रम का आयोजन हुआ। समाज के प्रवक्ता मनोज सोनी के अनुसार भगवान महावीर जन्म कल्याणक कार्यक्रम संयोजिका श्रीमति शशिजैन एवम सुनीता विनायका की अगुवाई में समाज की महिलाओ बालिकाओं के सहयोग से आदर्श कॉलोनी स्थित संत निलय भवन में प्रतियोगियों ने संगीतमय आकर्षक प्रस्तुतियां दी।

# महावीर जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकली



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

नसीराबाद । जैन धर्मावलंबियों की ओर से सोमवार को जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती श्रद्धा व धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर सोमवार को प्रातः 5:30 बजे से प्रभातफेरी निकाली गई जो मुख्य बाजार स्थित दिगंबर जैन आदिनाथ बड़ा मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण के बाद मुख्य बाजार स्थित बाहुबली दिगंबर जैन पाठशाला पहुंचकर सम्पन्न हुई। जहां झंडारोहण कर मिष्ठान वितरित किया गया। प्रातः 9 बजे वाहन रैली निकाली गई जो आचार्य ज्ञानसागर समाधि मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई सुभाषगंज मंडी स्थित वटवृक्ष पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। दोपहर 1 बजे सुभाषगंज मंडी से रथयात्रा निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई आचार्य ज्ञानसागर समाधि मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई।



# श्री महावीरजी में वार्षिक मेले के अंतर्गत आदर्श महिला महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक संध्या

**चंद्रेश कुमार जैन. शाबाश इंडिया**

**श्री महावीरजी।** मंगलवार स्थानीय श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी मंदिर में प्रातः काल पंडित मुकेश शास्त्री द्वारा श्रीजी का अभिषेक शांतिधारा मंत्र उच्चारण सहित किया गया तत्पश्चात प्रातः 9:00 बजे चरण छत्री में भगवान महावीर स्वामी की 24 फीट खडगा सन प्रतिमा व वर्तमान चौबीसी स्थित परिसर में भक्ति संध्या के साथ वर्धमान विधान किया गया। इस अवसर पर दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी प्रबंधकारिणी कमेटी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल, मानद मंत्री महेंद्र कुमार पाटनी, संयुक्त मंत्री उमरावमल संघी, सुभाष चंद्र जैन, कोषाध्यक्ष विवेक काला, आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल ने कहा कि आप सभी ने गत वर्षों में यह महसूस किया होगा कि क्षेत्र में धीरे-धीरे सभी तरह की प्रगति हो रही है तथा आने वाले सभी धर्मार्थियो के लिए विभिन्न प्रकार के बंदोबस्त किए जा रहे हैं। तथा आने वाले ऐसे यात्री जो केवल दर्शन करके घंटे दो घंटे ठहरते है, उनके लिए 5 कमरो का निशुल्क विश्राम गृह बनाया गया है। क्षेत्र के विकास के लिए यह एक अतिशयकारी क्षेत्र है, तो इसका विकास स्वतः ही हो रहा है, लेकिन ग्रामीणों के उत्थान के लिए क्षेत्र में एक कदम और बढ़ाते हुए भारत सरकार राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी तथा रोजगार सम्बन्धी सूचनाएं ग्रामीणों को सुलभ रुप से उपलब्ध करवाने हेतु दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी द्वारा मेला अवधि हेतु एक कियोस्क की स्थापना की गई है। क्षेत्र कमेटी अध्यक्ष सुधान्शु कासलीवाल एवं मानद् मंत्री महेन्द्र कुमार पाटनी ने बताया कि श्री महावीर जी में चल रहे आठ दिवसीय वार्षिक लक्खी मेला अवधि के दौरान मंदिर के मुख्य द्वार के बाहर जिला प्रशासन के सहयोग से स्थापित इस कियोस्क का उदघाटन भारत सरकार के भविष्य निधि आयुक्त शैलेन्द्र जैन द्वारा किया गया। मानद मंत्री महेंद्र कुमार पाटनी ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी 24 फीट खडगासन प्रतिमा वर्तमान चौबीसी



प्रतिमा,चरण छत्री में स्थापित की गई है जहां पर आज वर्धमान विधान बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न किया गया, तथा इस बार दो कार्यक्रम अतिरिक्त है जिसमें आज सांस्कृतिक मंच पर महानाट्य प्रस्तुति रंगशाला एकेडमी साधना मादावत इंदौर द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी तथा दिगंबर जैन सोशल ग्रुप संगिनी फॉरेवर्स जयपुर द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। 5 अप्रैल को सांस्कृतिक मंच पर वीणा कैसेट जयपुर द्वारा राजस्थानी लोक नृत्य में लोकगीत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा तथा 6 अप्रैल को श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति सांगानेर संभाग द्वारा सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम किया जाएगा एवं जिसकी आप सभी बहुत प्रतीक्षा करते रहते है 6 अप्रैल रात्रि 8:00 सांस्कृतिक मंच पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। वर्धमान विधान में चंदनबाला महिला मंडल तथा सृष्टि महिला मंडल ने भी विधान में सम्मिलित होकर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। दोपहर 12:00 बजे कटला पश्चिमी पांडाल में श्री वीर संगीत मंडल जयपुर द्वारा सामूहिक पूजन किया सायकाल 7बजे कटला पश्चिमी पांडाल में भगवान महावीर स्वामी की सामूहिक आरती की गई तत्पश्चात साथ प्रवचन किए गए। रात्रि 8:00 बजे सांस्कृतिक मंच पर महानाट्य प्रस्तुति रंगशाला एकेडमी इंदौर आयोजित किया जाएगा।

# अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, जयपुर द्वारा

# भगवान महावीर पर भाषण प्रतियोगिता

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

महावीर जन्म कल्याणक पर जैन समाज के बच्चों के मध्य एक धार्मिक भाषण प्रतियोगिता प्रातः 8 बजे से आयोजित की गई जो तीन घंटे तक चली। ''तीर्थंकर महावीर के सिद्धांत एवं वर्तमान संदर्भ में उनका महत्व'' पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे 8-12 वर्ष एवं 12 - 16 वर्ष तक की उम्र के 55 बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रथम ग्रुप (8-12) में अर्हम जैन केकड़ी ने प्रथम, धनासवी जैन ने द्वितीय एवं सुविधि जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय ग्रुप(12-16) में तवीश अजमेरा, जनकपुरी ने प्रथम, गार्गी जैन ने द्वितीय एवं प्रज्ञा जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को समुचित पुरस्कार वितरित किए गए। श्रमण संस्कृति संस्थान से अजित जैन शास्त्री एवं अंकित जैन शास्त्री निर्णायकों की भूमिका में रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता, पुण्यार्जक श्रावक श्रेष्ठी जी. सी. जैन, पूर्व ज्वाइंट कमिश्नर, आयकर विभाग ने की एवं दीप प्रज्वलन पुण्यार्जक तारा चंद पोल्याका, डायरेक्टर पोल्यका इन्वेस्टमेंट का परिवार रहा। पुण्यार्जककर्ताओं ने भगवान




महावीर के सिद्धांतो की अपने उद्बोधन में व्यावहारिक व्याख्या की। इस अवसर पर आईपीएस अनिल जैन ने भी संबोधित किया। मोना चांदवाड द्वारा मंगलाचरण का माधुर्य वाचन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। रेखा पाटनी ने टाइमर की भूमिका निभाई। श्रोताओं के लिए यह सुखद अनुभूति रही कि नई पीढ़ी धर्म के प्रति रुचि दिखा रही है। सभी बच्चों को वर्तमान शासन नायक तीर्थंकर के सिद्धांतो के बारे में यथेष्ठ जानकारी थी। प्रतिभागियों ने पंच महाव्रत- सत्य, अहिंसा, अचौर्य, अपरिग्रह एवं ब्रह्मचर्य, इसी तरह रत्नत्रय-सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान एवं सम्यक चारित्र एवं अनेकांतवाद व स्यादवाद एवं वर्तमान परिपेक्ष में इनकी उपयोगिता की व्याख्या कर श्रोताओं का हृदय जीत लिया। जीओ और जीने दो, अहिंसा परमोधर्म मात्र स्लोगन नही है, सभी को सूक्ष्म रूप में विश्व शांति के लिए जीवन में उतारने की आवश्यकता है, सभी के भाषण का सार था। त्रिशला संभाग दुर्गापुरा से श्रीमती चंदा सेठी, अध्यक्षा, श्रीमती रेणु पांड्या, मंत्री; अशोक लुहाड़िया, अंचल मंत्री, सुनील काला, मंत्री, दिगंबर जैन महासमिति, दुर्गापुरा इकाई, श्रीमती रेखा लुहाड़िया, अध्यक्ष श्री दिगंबर जैन चंद्रप्रभु महिला मंडल, दुर्गापुरा श्रीमती पुष्पा सोगानी एवं श्रीमती रिंकू सेठी आचार्य विद्यासागर पाठशाला, दुर्गापुरा, प्रकाश चंद जैन चांदवाड़, अध्यक्ष, राजेंद्र काला, मंत्री, सुनील संगही, उपाध्यक्ष, दुर्गापुरा जैन मंदिर ट्रस्ट कमिटी, महावीर चंदवाड़ मंत्री चंद्रप्रभ चेरिटेबल संस्था आदि सभी की सह संयोजक के रूप में भागेदारी एवं सहयोग रहा। जैन बैंकर्स की ओर से राजेश छाबड़ा, राजेंद्र पापड़ीवाल, जितेंद्र जैन, राजेश जैन, एस सी दोषी एवं मनोज सोगानी, ललित काला, रमेश अजमेरा, भाग चंद पाटनी, कैलाश गोधा, कैलाश सौगानी, महावीर पाटनी, महेंद्र सेठी, प्रदीप रांवका, विमल बडजात्या, नेमी नेगोतिया, विशल्या देवी, वर्षा अजमेरा, ऋतु चांदवाड़, अनिता काला, सुशीला कासलीवाल, अनिता काला, सुशीला काला, मुन्ना देवी छाबड़ा, रोमिका काला, आदि 200 से अधिक गणमान्य जनों की गरिमामय उपस्थिति रही। अंत में राजेंद्र काला ने धन्यवाद दिया।

## विमर्श जागृति महिला मंच द्वारा भजन संध्या आयोजित



**अशोकनगर. शाबाश इंडिया**

विमर्श जागृति महिला मंच द्वारा दिगम्बर जैन पंचायत के तत्वावधान में भगवान महावीर की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को रात्रि में गंज मन्दिर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। आयोजन में एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुतिया दी गई दी गई |दीपेश जैन और अंश जैन ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। अन्य प्रतिभागियों में श्रीमती रीना जैन, नीतू भारत, नमिता जैन ,नीतू अतिशय, श्रष्टि जैन , वन्दना जैन ने भजन प्रस्तुति दी। महावीर जन्म कल्याणक के तारतम्य मैं सभी महिलाओं ने मिलकर एक निर्धन परिवार के लिए साल भर के लिए राशन सामग्री प्रदान की |महावीर जन्मोत्सव के तहत सुबह से शाम तक सभी कार्यक्रमों में शाखा की सदस्याओं ने सक्रिय सहभागिता की। पूरे भजन संध्या कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय प्रवक्ता स्मृति भारत, वैशाली बाँझल , शाखा अध्यक्ष प्रीति मोहरी, मंत्री मीना महिदपुर,सीमा, पिंकी, मधुलिका, संगीता भारत, पूनम, सविता, ज्योति , अर्चना भारत सहित अन्य सदस्याएं उपस्थित रही।

## श्री महावीर जी में शुक्रवार को निकलेगी विशाल रथ यात्रा

**श्री महावीरजी. शाबाश इंडिया**

जन-जन की आस्था के केंद्र करोली जिले के हिण्डोन उपखण्ड में स्थित श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी में चल रहे विशाल वार्षिक मेले का मुख्य आकर्षण है भगवान महावीर की रथयात्रा। यह रथयात्रा आगामी शुक्रवार दिनांक 7 अप्रैल को मध्याह्न 2 बजे निकाली जायेगी। क्षेत्र के मानद मंत्री महेन्द्र कुमार जैन पाटनी ने बताया कि मुख्य मन्दिर से भगवान महावीर की प्रतिमा को पालकी में बिराजमान कर मन्दिर से लाकर स्वर्ण रथ में बिराजमान की जायेगी। जहां प्रतिमा निकालने वाले चर्मकार के वंश के वरिष्ठ सदस्य को सिरोपाव भेंट कर सम्मानित किया जाएगा, इस व्यक्ति के द्वारा रथ के पहियों को धकेलने की लगभग 300वर्ष से चली आ रही रस्म अदा करने के साथ ही रथ यात्रा प्रारम्भ होगी। रथयात्रा में परम्परागत बैण्ड-बाजे, घोड़े, विद्यालयों के छात्र, भट्टारक जी की गादी, मोरछडी, पालकी, व अन्य रथ होंगे। रथ यात्रा के आगे जयपुर के दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप्स, व दिगम्बर जैन महासमिति की विभिन्न शाखाओं के महिला व पुरुष सदस्य चलेंगे। रथयात्रा से पूर्व करोली के उपजिला कल्कटर को रथ के सारथी के रूप में सम्मानित किया जाएगा इनके साथ ही परम्परानुसार में रथ पर क्षेत्र कमेठी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल भी बैठेंगे। रथयात्रा कटले के दरवाजे से निकल कर मुख्य बाजार होते हुए गम्भीर नदी के किनारे पहूंचकर यहां पर बने विशाल पाण्डाल में धर्मसभा में परिवर्तित हो जायेगी। विभिन्न धार्मिक



कार्यक्रमों के साथ भगवान महावीर की प्रतिमा के अभिषेक किये जायेगें। श्रीजी के अभिषेक के बाद परम्परानुसार माला पहनने के लिए मोहरो में बोली लगाई जायेगी। मेला कमेठी की प्रचार समिति के वरिष्ठ सदस्य हीरा चन्द बैद ने बताया कि रथ यात्रा में रथ के आगे मीना समाज के युवकों की टोली हाथों में लम्बे लम्बे बांस जिन पर रिबन व चौंटी में लगाने वाले चुंटिले बन्धे हुए होते हैं उछालते हुए आपस में भिड़ाते, क्षेत्रीय लोकगीत गाते नाचते चलेगें। रथयात्रा की वापसी के समय इन का स्थान गूजर समाज के युवकों की टोली ले लेती है ।

## भक्ति भाव से मनाया भगवान महावीर का 2622वां जन्म कल्याणक महोत्सव



**अमन जैन कोटखावदा. शाबाश इंडिया**

**कोटखावदा।** श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र कोटखावदा में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2622 वां जन्म कल्याणक महोत्सव सोमवार को भक्ति भाव से मनाया गया ,वहीं मंदिर जी में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन हुए ।इस मौके पर प्रातः कस्बे में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रचार -प्रसार मंत्री अमन जैन कोटखावदा ने बताया कि प्रातः कालीन बैला में भगवान महावीर के पंचामृत अभिषेक व शांति धारा के दौरान भगवान महावीर के जयकारों से जिनालय गुंजायमान हो उठा ।सायंकाल भक्ति संध्या का आयोजन के साथ 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर की 24 दीपकों से महाआरती एवं महावीर चालीसा का चालीस बार जाप किया गया। इस दौरान मानव सेवार्थ कार्यक्रम भी किया गया जिसके तहत कोटखावदा सरकारी अस्पताल में मरीजों एवं ग्रामीणों को फल वितरित किए ।

## भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महावीर जयंन्ती पर्व पर निकली रथ यात्रा व हुए धार्मिक आयोजन



**पारस जैन पार्श्वमणि. शाबाश इंडिया**

भानपुरा। जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर भगवान मह्वीर का जन्म कल्याणक महावीर जयंन्ती का पर्व यहां 3 अप्रेल को सकल जैन समाज के तत्वाधान में बड़े ही हर्षोल्लास व धार्मिक भावना के साथ मनाया गया,सुबह से लेकर शाम तक अनेक धार्मिक आयोजन हुए पर्व पर सुबह 6 बजे भगवान महावीर के जयकारों के साथ प्रभात फेरी नगर के मुख्य मार्गों से निकली इसमें समाज के सेकडो महिला पुरुष शामिल हुए ,बीस पथीं दिगम्बरं जैन मंदिर व अन्य जैन मंदिरों में पुजा व अभिषेक हुआ,दोपहर में बीसं पथीं दिगम्बर जैन बड़ा मदिरं से भगवान महावीर कि भव्य शोभा यात्रा व रथ यात्रा निकली,रथ यात्रा में जैन श्वेताम्बर साध्वी परम पुज्य अमित गुणा श्री जी,अमिपुर्णा श्री जी,अमिदर्शा श्री जी आदि साध्वी मण्डल का पावन सानिध्य मिला, पुरुष वर्ग सफेद व महिलाएं केसरिया वस्त्र धारण कर रथ यात्रा में शामिल हुए रथ यात्रा के मार्ग में स्थान-स्थान पर समाजजनों ने भगवान महावीर कि वदंना कि रथ यात्रा में शामिल समाजजन महावीर भगवान के संदेश का जयकारा कर रहे थे ,सायंकाल संकल जैन समाज का सामुहिक स्वामीवात्सल्य हुआ।

## भीलवाड़ा जैन समाज का भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर आज श्रीजी की शोभायात्रा निकाली



**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**

**भीलवाड़ा।** बाहुबली जैन वेलफेयर सोसाइटी के संयोजन में सकल दिगंबर जैन समाज का भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर आज श्रीजी की शोभायात्रा के साथ विशाल जुलूस निकला। हजारों की संख्या में पुरुष- महिलाएं, युवा जयकारों के साथ चल रहे थे। प्रचार- प्रसार संयोजक प्रकाश पाटनी ने बताया कि शोभा यात्रा प्रात अजारदारान दिगंबर जैन मंदिर आमली की बारी में श्रीजी को विराजमान कर जयकारों के साथ स्वाध्याय भवन से मुख्य बाजारों से निकली। आगे घुड़सवार जैन ध्वज लिए चल रहे थे। पीछे शहनाई वादक गीतों को गुनगुना रहे थे। बैंड बाजों के साथ पुरुष श्वेत वस्त्र में, महिलाएं ड्रेस कोड में भगवान महावीर के संदेशों को गुंजायमान कर रहे थे।झांकियां सजी-धजी शोभायमान हो रही थी।पदम प्रभु महिला मंडल पालने में महावीर स्वामी को झूलाते चल रहे थे। आदिनाथ जैन महिला मंडल की झांकी में सती चंदन बाला, सती सीता का सुंदर चित्रण किया गया। आदिनाथ महिला मंडल चंद्रशेखर आजाद नगर ने शमोशरण में भगवान महावीर को विराजमान बताया। त्रिशला महिला मंडल द्वारा झांकी में नारी सशक्तिकरण का सुंदर दृश्य बताया। ज्ञानमती महिला मंडल न श्वेतांबर ने दिगंबर हम सब जैन हैं के सिद्धांत को दशार्या।ढोल नगाड़े बैंड बाजों के स्वर लहरियों में जगह-जगह चौराहे पर नाचते हुए गीतों के साथ भगवान महावीर की वाणी को गुंजायमान कर थे। महिलाएं हाथों में तख्तियां लिये चल रही थी। महावीर के संदेशों एवं माता के 16 सपनों को बता रहे थे। जुलूस में अंत में श्रीजी रथ मे विराजमान थे श्रावक चवर ढो रहे थे। धमालु श्रीजी के दर्शन कर अपने को धन्य कर रहे थे। जुलूस मुख्य मार्गो से होते हुए वापस आजारदारान दिगंबर जैन मंदिर आमलियो की बारी पहुंची। समापन पर अग्रवाल उत्सव भवन में आदिनाथ नवयुवक मंडल के संयोजन में सकल दिगंबर जैन समाज का सामूहिक भोज आयोजित हुआ। दिगंबर जैन समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष सोहनलाल गंगवाल, सचिव प्रदीप चौधरी, सोसायटी के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार छाबड़ा एवं सचिव राज कुमार चौधरी ने सभी के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। सोसाइटी के विरेंद्र कुमार छाबड़ा हीरा चंद चांदीवाल, अशोक जैन, विजय कुमार चौधरी आदि का जुलूस व्यवस्था में विशेष सहयोग रहा।

## जैन संस्कार पाठशाला चौमूं बाग का प्रथम वार्षिकोत्सव संपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** पाठशाला के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा, महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर भगवान महावीर के गर्भ कल्याणक से संबंधित प्रस्तुति समाज के सामने प्रस्तुत कर, जैन संस्कार पाठशाला का प्रथम वार्षिकोत्सव बहुत ही भव्य तरीके से मनाया गया। पाठशाला के समन्वयक प्रेमचंद बडजात्या ने बताया कि कार्यक्रम के शुरू में, भगवान के सामने दीप प्रज्वलित डॉ स्वतंत्र कुमार जैन के परिवार ने किया। प्रह्लाद चन्द एवं प्रदीप कुमार गंगवाल के परिवार ने बच्चों को पारितोषिक प्रदान किए एवं अशोक कुमार पाटनी के परिवार ने बच्चों को मिठाई वितरित की ।समाज के बहुत से गणमान्यजन ने आर्थिक सहयोग कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया ।मंदिर के उपाध्यक्ष आशीष पाटनी ने कार्यक्रम आयोजकों , पाठशाला के शिक्षकों, बच्चों एवं समस्त दर्शक गणों का आभार प्रकट किया।

# महावीर भवन मानसरोवर के विस्तारित भवन का लोकार्पण एवं भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित किया गया

**जयपुर. शाबाश इंडिया**




श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संस्था, (महावीर भवन) मानसरोवर, के विस्तारित भवन का लोकार्पण एवं भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महामंत्र नवकार से हुई ।इस भवन का लोकार्पण श्री राजमल जी चौरडिया एवं श्री अशोक कुमार जी गौखरू परिवार दूनीवालों के द्वारा सम्पन्न किया ।समारोह के मुख्य अतिथि श्री रवि जी जैन, आई.ए.एस. आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण रहे व अध्यक्षता श्री प्रमोद जी महनोत, अध्यक्ष, श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ, जयपुर ने की तथा विशिष्ट अतिथि श्री विनोद कुमार जी लोढा, प्रमुख उद्योगपति एवं समाज सेवी रहे। संस्था के संरक्षक न्यायमूर्ति श्री जसराज जी चौपडा स्वागत भाषण में सभी अतिथियो व पधारे समाजजनों का अभिनन्दन करते हुये संघ की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर श्री नवरत्न जी कोठारी, अध्यक्ष एस. एस. जैन सुबोध शिक्षा समिति, श्री सुमेर सिंह जी बोथरा, मानद मंत्री, एस. एस. जैन सुबोध शिक्षा समिति, जयपुर एवं श्री कैलाश चन्द जी हीरावत, प्रमुख रत्न व्यवसायी तथा जैन समाज की सभी सामाजिक संस्थाओ के अध्यक्ष व पदाधिकारी व समाज के सम्मानीय सदस्यगण सपरिवार उपस्थित रहे । मुख्य अतिथि श्री रवि जी जैन ने कहा है कि यह संस्था जैन समाज के सभी साधु सन्तो के विचरण व चातुमार्स मे बहुत उपयोगी रही है और रहेगी इस अवसर पर मैं भी सभी भामाशाह और दानदाताओं को उनके द्वारा दिये गये सहयोग के लिये धन्यवाद देता हूं। अध्यक्षयी उद्बोधन में श्री प्रमोद जी महनोत ने कर्म के बारे मे विशेष प्रकाश डाला और धार्मिक क्रियाकलापों से जुडने की अपील की ।विशिष्ट अतिथि श्री विनोद कुमार जी लोढा ने प्रतिदिन महावीर भवन मे पधारकर सामायिक स्वाध्याय करने की प्रेरणा देते हुये कहा कि ऐसा करने पर ही विस्तारित भवन की उपयोगिता सिद्ध होगी । संस्था के अध्यक्ष श्री ज्ञानचन्द जी दुनीवाल ने बताया कि महावीर भवन समाज के श्रावक श्राविकाओं की धमार्राधना के काम आता है । अन्त में संस्था के मंत्री श्री धर्मचन्द जी जैन ने पधारे सभी सम्मानीय सदस्यो का धन्यवाद व आभार व्यक्त करते हुये पधारे अतिथियों को स्वरूचि भोज के लिए आमंत्रित किया । कार्यक्रम के संयोजक श्री राजेन्द्र जैन 'राजा' ने मंच संचालन के साथ ही प्रत्येक भामाशाह एवं अतिथियों का सम्मान बहुत ही रोचक एवं गरिमा के साथ प्रभावी तरीके से किया। इस अवसर पर सभी लोकार्पणकर्ताओं एवं भामाशाहों का संस्था द्वारा सम्मान किया गया । **( धर्म चन्द जैन )**

# मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज को दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी ने किए श्रीफल भेंट

## महावीर जयंती पर निकला जन्म कल्याणक का जूलूस। महावीर के सिद्धांतों को समझना बहुत आसान है: मुनिपुगंव श्रीसुधासागर जी महाराज

**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

जिले की सीमा पर स्थित ललितपुर जिले के यशोदय तीर्थ महरौनी पहुंच कर जिले के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी ने आध्यात्मिक संत मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के चरणों में श्री फल भेंट कर थूवोनजी पधारने का निवेदन किया इसके पहले यशोदय तीर्थ महरौनी से भगवान महावीर जयंती पर पंच कल्याणक महोत्सव के जन्म कल्याणक का भव्य जुलूस निकाला गया।

## तीन तीन उत्सवों की शोभा यात्रा मुनि पुंगव के सान्निध्य में एक साथ निकलीं

दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने यशोदय तीर्थ महरौनी से लौटकर बताया कि यशोदय तीर्थ महरौनी श्री मद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक महोत्सव एवं चौबीस समवशरण विधान के साथ ही जन्म कल्याणक के साथ निकाला गया साथ ही चक्रवर्ती की दिग्गज यात्रा को इसमें



समाहित कर महावीर जयंती की शोभा यात्रा एक साथ निकाले जाने से इसमें परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज क्षुल्लक श्री गंभीर सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भइया शुयश के नेतृत्व में भव्य और विशाल शोभायात्रा का शहर भ्रमण किया बाद में यह शोभायात्रा यशोदय तीर्थ पहुंच कर धर्म सभा में वदल गई । जहां भगवान जन्माभिषेक के साथ ही कलशाभिषेक व जगत कल्याण की कामना के लिए मुनि पुंगव श्रीसुधासागर जी महाराज के श्री मुख से महा शान्ति धारा हुई।

## अच्छे बुरे की पहचान गुणों से होती है

इस दौरान मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांतों को समझना बहुत सरल है उन्होंने अपनी वात इतने सरल शब्दों में कही है जिसे आसानी से समझा जासकता है। उन्होंने कहाकि लायब्रेरी में बहुत सारी पुस्तकें रखी रहती है एक पुस्तक दस हजार रुपए की है और बहुत सारी पांच,दस रुपए वाली पुस्तकें भरी हुई है सच बताना आपका मन किस पुस्तक को देखने का होगा आप सोचेंगे पांच रुपए की पुस्तक में क्या रखा है जो पुस्तक दस हजार रुपए की है वह विशेष होगी बड़े आदमी सब्जी खरीदने जायेंगे तो महंगी सब्जी खरीद कर खुश होते हैं वे समझते हैं महंगा माल बहुत अच्छा है। जवकि सब्जी वाले ने उसी टोकरी से कुछ टमाटर छाटकर अलग रख दिए ये है हमारे मन की स्थिति है हम अच्छे बुरे की पहचान पैसे से करना चाहते हैं गुणो से नहीं अच्छे बुरे की पहचान गुणो से होती है इसके पहले थूवोनजी कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टिंगू मिल उपाध्यक्ष गिरिश जैन अथाइखेडा महामंत्री विपिन सिंघाई पूर्व महामंत्री राकेश कांसल मंत्री विनोद मोदी प्रचार मंत्री विजय धुर्रा आडीटर राजीव चन्देरी पूर्व कोषाध्यक्ष मनोज भैसरवास संरक्षण शैलेन्द्र सुनील अखाई राहुल सिघई चेतन जैन लालू जैन सहित अन्य भक्तों ने श्री फल भेंट कर दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी पधारने का निवेदन किया।